हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी

'प्रैस नोट'

डी0एल0एड परीक्षा अगस्त–2021

डी0एल0एड प्रवेश वर्ष–2018–20, 2019–21, व 2020–22 (नियमित/रि–अपीयर) प्रथम व द्वितीय वर्ष परीक्षा अगस्त–2021 दिनांक 19.08.2021 से प्रारंभ हो रही है। पात्र छात्र–अध्यापकों के प्रवेश–पत्र (एडमिट कार्ड) संस्था की लॉग–ईन आई0डी0 पर दिनांक 10.08.2021 से उपलब्ध हैं। सभी छात्र–अध्यापक प्रवेश–पत्र बारे अपनी संस्था से सम्पर्क करें। छात्र–अध्यापक प्रवेश–पत्र पर दर्शाए गए महत्वपूर्ण निर्देशों को ध्यान से पढ़कर/समझकर उनकी पालना करना सुनिश्चित करें। परीक्षा के दौरान सभी परीक्षार्थियों के लिए मास्क लगाना अनिवार्य है।

संस्थान/कॉलेज के प्राचार्य/मुखिया इस बात के लिए पूर्ण रूप से उत्तरदायी होंगें की ऐसे सभी छात्र–अध्यापक जो निर्धारित नियम/विनियम अनुसार परीक्षा हेतु योग्य/पात्र नहीं है, उनके अनुक्रमांक जारी न किए जाए। ऐसे मामलों से सम्बन्धित परीक्षार्थियों के अनुक्रमांक कॉलेज/संस्थान के मुखिया द्वारा रिर्पोट सहित बोर्ड कार्यालय को परीक्षा शुरू होने से पूर्व वापिस भेजे जाने है।

ऐसे परीक्षार्थी जो **Visually impaired, Dyslexic and Spastic, Deaf & Dumb, Permanently Disabled for writing with their own hands** श्रेणियों के अंतर्गत आते हैं तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा चिकित्सा प्रमाण–पत्र में परीक्षार्थी की अशक्तता 40% या इससे अधिक प्रमाणित की गई है, तो कॉलेज/शिक्षण संस्थान के प्राचार्य/प्रतिनिधि द्वारा उपरोक्त श्रेणियों के दिव्यांग परीक्षार्थियों के लिए लेखक के मूल एवं सत्यापित दस्तावेज/प्रलेख जैसे शैक्षणिक योग्यता, जन्म प्रमाण–पत्र, व्यवसायिक योग्यता, दो नवीमतम रंगीन फोटो (एक सत्यापित), फोटो आई0डी0 पत्राचार व स्थाई पता सहित परीक्षा से पूर्व लेखक की स्वीकृति बोर्ड मुख्यालय, विशेष परीक्षा शाखा से लेना अनिवार्य है। जिस व्यक्ति की लेखक के रूप में मांग की गई है, की आयु परीक्षा में प्रविष्ट होने वाले परीक्षार्थी से कम हो एवं शैक्षणिक योग्यता वरिष्ठ माध्यमिक से अधिक न हो। बोर्ड कार्यालय की स्वीकृति के बिना परीक्षार्थी के लेखक को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

सचिव